**अत्यावश्यक**

**नगरपालिका आम/उप-निर्वाचन, 2025**

# राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार

**STATE ELECTION COMMISSION, BIHAR**

सत्यमेव जयते

पत्र संख्या -न.नि.50-05/2025-2360

प्रेषक,

मुकेश कुमार सिन्हा भा.प्र.से.
सचिव,

सेवा में,

जिला पदाधिकारी-सह-
सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)।
**पटना, रोहतास एवं पूर्वी चम्पारण।**

पटना, दिनांक - 31.5.25

**विषय : नगरपालिका आम निर्वाचन, 2025 - प्राथमिकता के आधार पर ई.वोटिंग की सुविधा प्रदान करने हेतु मतदाता सूची में चिह्नित करने के संबंध में।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि नगरपालिका आम/उप निर्वाचन, 2025 के निमित्त प्राथमिकता के आधार पर वरिष्ठ नागरिक (80+), शारीरिक रूप से दिव्यांग, असाध्य रोग से ग्रसित, गर्भवती महिला एवं अप्रवासित मतदाता जैसे मजदूर जेसे मतदाता को ई.वोटिंग की सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से नगरपालिका निर्वाचन हेतु तैयार किये गये मतदाता सूची में वैसे मतदाता को चिह्नित किया जाना है। इस आशय का निदेश दिनांक 27.05.2025 को पदाधिकारी को विडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से प्रशिक्षण के दैरान दिया गया है।

1. वरिष्ठ नागरिक (80+) - मतदाता सूची में अंकित मतदाताओं के उम्र के आधार पर चिह्नित किया जायेगा।

2. शारीरिक रूप से दिव्यांग - जिला कल्याण कार्यालय से समन्वय स्थापित कर दिव्यांगों की सूची से मतदाता सूची को चिह्नित की जाय।

3. गर्भवती महिला - आँगनवाड़ी या आशा कार्यकर्ता से समन्वय स्थापित कर मतदाता सूची को चिह्नित करने की कार्रवाई की जायेगी।

4. अप्रवासित मजदूर - जिला श्रम कार्यालय से समन्वय स्थापित कर मतदाता सूची में अप्रवासित मजदूर को चिह्नित करने की कार्रवाई की जाय।

5. उक्त कार्य को सम्पादित कराये जाने हेतु एक सहायक निर्वाची पदाधिकारी को नोडल पदाधिकारी को नामित की जाय।

अनुरोध है कि उक्त आधार पर अनुमंडल स्तर पर कैम्प लगाकर दो दिनों के अन्दर सर्वे कराकर मतदाता सूची में पोर्टल के माध्यम से दिनांक 05.06.2025 तक चिह्नित करायी जाय एवं तत्संबंधी संख्या प्रतिवेदन दिनांक 06.06.2025 तक आयोग को प्रेषित करने की कृपा की जाय। तत्संबंधी निदेश से सभी संबंधित को अवगत कराना सुनिश्चित की जाय।

विश्वासभाजन,
31.5.25
सचिव।

31.5.25

Sone Bhawan, Third Floor, Birchand Patel Marg, Patna - 800 001 Phone : 2506826, 2506917, 2506844, 2506994 Fax : 0612 - 2507847 E-mail : secbihar@gmailcom

ज्ञापांक - न.नि.50-05/2025- 2360 पटना, दिनांक - 31.5.25

प्रतिलिपि, आई.टी. मैनेजर को आयोग के वेबसाईट पर पत्र अपलोड कराने हेतु प्रेषित।

31/5/25

सचिव।

ज्ञापांक - न.नि.50-05/2025- 2360 पटना, दिनांक - 31.5.25

प्रतिलिपि, सभी प्रमंडलीय आयुक्त को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

31/5/25

सचिव।

ज्ञापांक - न.नि.50-05/2025- 2360 पटना, दिनांक - 31.5.25

प्रतिलिपि, सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

31/5/25

सचिव।

ज्ञापांक - न.नि.50-05/2025- 2360 पटना, दिनांक - 31.5.25

प्रतिलिपि, मुख्य सचिव, बिहार सरकार को सादर सूचनार्थ।

31/5/25

सचिव।